# किसानों की त्वरित सहायता पर फोकस : शिवराज

## तत्काल जरूरतों, बीमा दावों की प्रक्रिया और राहत व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई

**नई दिल्ली, 20 मार्च. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि भवन, नई दिल्ली में देश के कृषि क्षेत्र की समग्र स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा की.**

बैठक में हाल के दिनों में कई राज्यों में हुई अतिवृष्टि, तेज बारिश, ओलावृष्टि और अन्य प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों के कारण किसानों को हुए संभावित नुकसान, उनकी तत्काल जरूरतों, बीमा दावों की प्रक्रिया तथा राहत व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई. समीक्षा के बाद मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने स्पष्ट कहा कि हमारा फोकस केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि फसल-क्षति के वैज्ञानिक आकलन, बीमे के सही क्लेम और किसानों की त्वरित सहायता पर भी है.

केंद्रीय कृषि मंत्री के निर्देश पर यह समीक्षा बैठक ऐसे समय में आयोजित की गई, जब कई राज्यों में मौसम की अनिश्चितता, फसल-क्षति की आशंका और किसानों की त्वरित सहायता की आवश्यकता प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं, ताकि नीति, राहत और मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं की तीनों स्तरों पर समन्वित रूप से काम किया जा सके.

**प्रतिकूल मौसम, मौसम पूर्वानुमान और जोखिम प्रबंधन-** बैठक में मौसम पूर्वानुमान और फसलों की ताज़ा स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई, ताकि आने वाले दिनों में संभावित मौसम जोखिमों के अनुसार तैयारी की जा सके. श्री चौहान ने कहा कि कृषि विभाग, राज्यों और संबद्ध संस्थाओं को मिलकर ऐसी कार्ययोजना बनानी चाहिए, जिससे किसान को समय पर सलाह, सहायता और सुरक्षा मिले. उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि क्षेत्र का लक्ष्य केवल उत्पादन नहीं, बल्कि किसान की सुरक्षा, आय स्थिरता और समय पर सहायता होना चाहिए, और फसल-स्थिति, मौसमीय जोखिम, प्रोक्योरमेंट रेडीनेस तथा राहत तंत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाना आवश्यक है.

श्री चौहान ने बताया कि आने वाले दिनों में गेहूं और धान की सरकारी खरीद प्रारंभ होने जा रही है और इस बार रबी फसलों का उत्पादन बंपर रहा है, जिससे देश के पास गेहूं, धान और चावल की कोई कमी नहीं है. उन्होंने कहा कि हम गेहूं-धान भी खरीदेंगे, लेकिन उसके साथ दलहन की फसलों पर भी हमारा फोकस बहुत ज्यादा है.

### फसल-क्षति का वैज्ञानिक आकलन और बीमा क्लेम पर विशेष जोर



श्री चौहान ने बैठक में उपस्थित केंद्रीय कृषि सचिव, कृषि आयुक्त तथा सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को जहां भी सहायता की आवश्यकता हो, वहां राज्य सरकारों के साथ समन्वय बनाकर शीघ्र क्रॉप कटिंग प्रयोग, नुकसान का वैज्ञानिक आकलन और त्वरित राहत सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में तेज बारिश, ओलावृष्टि या मौसम की अन्य प्रतिकूल स्थितियों से नुकसान हुआ है, वहां फील्ड स्तर पर समयबद्ध कार्रवाई अनिवार्य है, ताकि किसी भी किसान को राहत के लिए इंतजार न करना पड़े. उन्होंने यह भी बताया कि मौसम विभाग ने आगे दो और पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना जताई है, इसीलिए किसानों को क्या सलाह दी जाए, इस पर भी व्यापक स्तर पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं.

# 5% होम इंटरनेट से जियो को मिल रही रफ्तार

## विश्लेषकों ने जियो की रणनीति को बताया मजबूत

**नई दिल्ली, 20 मार्च. ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल के अनुसार भारतीय टेलीकॉम बाजार में रिलायंस जियो की बढ़त और मजबूत हुई है. फर्म की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी मोबाइल सेवाओं के साथ-साथ होम ब्रॉडबैंड और 5त्र फिक्स्ड वायरलेस इंटरनेट में भी आगे बनी हुई है.**

जेएम फाइनेंशियल के मुताबिक जनवरी 2026 की सब्सक्राइबर रिपोर्ट के रुझानों से पता चलता है कि जियो ने महीने के दौरान सबसे ज्यादा नए मोबाइल ग्राहक जोड़े. कंपनी से करीब 16 लाख नेट वायरलेस यूजर जुड़े. वहीं भारती एयरटे ने लगभग 12 लाख ग्राहक जोड़े, जबकि वोडाफोन आइडिया के करीब 7 लाख ग्राहक घटे. ये आंकड़े भारतीय दूरसंचार



विनियामक प्राधिकरण के डेटा पर आधारित हैं. जेएम फाइनेंशियल के अनुसार जियो 41 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी के साथ देश की सबसे बड़ी वायरलेस कंपनी बनी हुई है. रिपोर्ट में कहा गया कि एयरटेल दूसरे नंबर पर बनी हुई है, लेकिन वोडाफोन आइडिया लगातार पिछड़ रही है.होम ब्रॉडबैंड कारोबार में भी जियो की बढ़त जारी रही.

विश्लेषकों के मुताबिक इसके पीछे जियोएयरफाइबर की लगातार मजबूत होती मांग है. कहा गया कि 5प्रतिशत फिक्स्ड वायरलेस इंटरनेट बाजार यानी एयरफाइबर मार्केट में जियो की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है, जिससे कंपनी को शुरुआती बढ़त मिली है. विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में यही सेगमेंट टेलीकॉम सेक्टर की ग्रोथ को आगे बढ़ा सकता है. जेएम फाइनेंशियल ने कहा कि फाइबर और वायरलेस ब्रॉडबैंड दोनों पर एक साथ विस्तार करने की जियो की रणनीति प्रतिस्पर्धियों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है और इससे कंपनी की बाजार स्थिति मजबूत रह सकती है.

# वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बंद खनन ब्लॉकों पर उठाये सवाल



**नई दिल्ली, 20 मार्च. खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने पिछले 10 साल में आवंटित 85 प्रतिशत खनन ब्लॉक के बंद होने पर चिंता जतायी है.**

अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 10 वर्षों में नीलाम किये गये करीब 85 प्रतिशत खनन ब्लॉक आज भी चालू नहीं हो पाये हैं. इस दौरान कुल 592 ब्लॉक नीलाम किये गये जिनमें से केवल 82 ही उत्पादन कर रहे हैं, जो एक बड़ी चुनौती की ओर इशारा करता है. वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच उन्होंने ऊर्जा और खनिज सुरक्षा पर जोर दिया और नीलामी के बाद खदानों को जल्द चालू करने की प्रक्रिया तेज करने की अपील की. उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि अधिग्रहण में तकनीक आधारित सीधे भुगतान की व्यवस्था, मंजूरी प्रक्रियाओं को सरल बनाना और प्रीमियम की सीमा 60 प्रतिशत तक तय करना जरूरी है.

अग्रवाल ने कहा कि देश के करीब 400 अरब डॉलर के आयात बिल में से लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा प्राकृतिक संसाधनों के आयात पर खर्च होता है. इससे देश में रोजगार सृजन की संभावनाएं कम हो रही हैं और नौकरियां विदेशों में पैदा हो रही हैं.

# आठ दिन में सोना-चांदी में भारी उतार-चढ़ाव

**1.47** लाख रुपए पर पहुंचा सोना

**2.34** लाख रुपए पर आई चांदी



**नई दिल्ली, 20 मार्च. वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब सीधे तौर पर भारतीय सर्राफा बाजार में दिखाई दे रहा है. शुक्रवार, 20 मार्च को सोने की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी ने तेज उछाल लिया.**

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना 549 घटकर 1.47 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया.वहीं, चांदी 3,727 की तेजी के साथ 2.34 लाख प्रति किलो तक पहुंच गई. हालांकि पिछले कुछ दिनों में सोना और चांदी दोनों की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली है.विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के कारण निवेशकों का भरोसा पारंपरिक सुरक्षित निवेश विकल्पों से हटकर नकदी की ओर बढ़ रहा है. इसका सीधा असर सोने की मांग पर पड़ा है.इसके अलावा महंगे होते कच्चे तेल, शेयर बाजार में गिरावट और ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता ने भी इस उतार-चढ़ाव को तेज कर दिया है.ऐसे माहौल में निवेशकों और आम ग्राहकों के लिए सतर्क रहना बेहद जरूरी हो गया है. सर्राफा बाजार में इस समय असामान्य उतार-चढ़ाव का दौर जारी है, जहां एक तरफ सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है, वहीं चांदी लगातार मजबूत होती नजर आ रही है.20 मार्च को सोना 549 सस्ता होकर 1.47 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी 3,727 महंगी होकर 2.34 लाख प्रति किलो हो गई.यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव चरम पर है.विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता को बढ़ा दिया है.

पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख के ऑल टाइम हाई पर था, जो अब करीब 28,000 सस्ता हो चुका है.वहीं चांदी 3.86 लाख के उच्चतम स्तर से गिरकर अब काफी नीचे आ चुकी है, लेकिन हालिया तेजी संकेत देती है कि इसमें फिर से मजबूती आ सकती है.


# एनटीपीसी-ऑक्टोपस एनर्जी में स्वच्छ ऊर्जा करार

**नई दिल्ली, 20 मार्च.सरकारी क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल ऊर्जा प्लेटफॉर्म के क्षेत्र में अग्रणी ऑक्टोपस एनर्जी ग्रुप के साथ ऊर्जा क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है.**

इस समझौते का उद्देश्य बिजली वितरण और खुदरा कारोबार, नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग अवसंरचना, डिजिटल ऊर्जा प्लेटफॉर्म, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास तथा क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की पहचान, मूल्यांकन और क्रियान्वयन करना है.एनटीपीसी की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राजधानी में चल रहे भारत विद्युत शिखर सम्मेलन- 2026 के पहले दिन यह करार हुआ.विद्युत उद्योग पर यशोभूमि में आयोजित यह सम्मेलन और प्रदर्शनी 19 से 22 मार्च तक चलेगी.इसका आयोजन केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है.हस्ताक्षर समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव पंकज अग्रवाल, मंत्रालय के संयुक्त सचिव पीयूष सिंह, एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरुदीप सिंह और एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम की सीईओ रेनू नारंग उपस्थित थीं.

# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 326 अंक मजबूत

**मुंबई, 20 मार्च. पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में कम कीमतों पर हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए. बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44 प्रतिशत) की बढ़त में 74,532.96 अंक पर बंद हुआ.**



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत ऊपर 23,114.50 अंक पर पहुंच गया. बाजार में भारी बिकवाली देखी गयी थी और दोनों सूचकांक सवा तीन प्रतिशत के करीब टूटे थे. सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 1,079 अंक चढ़ गया था, लेकिन बाद में इसकी तेजी सीमित रह गयी. मझौली और छोटी कंपनियों में भी आज तेजी रही. टाइटन, एनटीपीसी, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े.

# दिल्ली में सूक्ष्म नाट्य महोत्सव का भव्य आयोजन

### थेस्पिस सीजन 5 में 31 नाटकों की शानदार प्रस्तुति

**नई दिल्ली, 20 मार्च. वृक्ष थिएटर, जो नई दिल्ली स्थित एक थिएटर समूह है और जिसकी स्थापना 16 अगस्त 2015 को केरल क्लब में मानवता के लिए कला के आदर्श वाक्य के साथ हुई थी, ने रविवार, 1 फरवरी 2026 को एलटीजी सभागार, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में 5वें राष्ट्रीय सूक्ष्म नाटक महोत्सव, थेस्पिस सीजन 5 का सफलतापूर्वक आयोजन किया.**

यह महोत्सव भारत रंग महोत्सव 2026 के अंतर्गत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया था. राष्ट्रीय सूक्ष्म नाटक महोत्सव की शुरुआत



वृक्ष थिएटर द्वारा पहली बार 2017 में की गई थी और इसे भारत का पहला विशिष्ट सूक्ष्म नाटक महोत्सव माना जाता है. इस महोत्सव का नाम इकारिया के थेस्पिस के नाम पर रखा गया है, जिन्हें रंगमंच के इतिहास में पहला अभिनेता माना जाता है. इस महोत्सव का संचालन प्रख्यात रंगमंच कलाकार और निर्देशक डॉ. अभिलाष पिल्लई के निर्देशन में किया गया. महोत्सव के पांचवें संस्करण में 31 सूक्ष्म नाटक प्रस्तुत किए गए, जिनमें से प्रत्येक की अधिकतम अवधि 10 मिनट थी.देश भर से आए 600 से अधिक कलाकारों और तकनीशियनों ने 12 भारतीय भाषाओं में प्रस्तुतियां दीं.

का उद्घाटन सुबह राष्ट्रीय नाट्यशाला के निदेशक श्री चित्तरंजन त्रिपाठी ने किया. सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का पुरस्कार कथाकार प्रोडक्शंस के लघु नाटक वन्स अपॉन अ टाइम इन लंका को मिला. इस प्रस्तुति को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया. दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार त्रिवेणी के नाटक वीरंगना 1971 को मिला, जिसे 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ. सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार वन्स अपॉन अ टाइम लंका के लिए रॉबिन जोसेफ को दिया गया.

# मोबाइल सब्सक्राइबरों की संख्या125 करोड़ के पार

**नई दिल्ली, 20 मार्च.** देश में मोबाइल सब्सक्राइबरों की संख्या जनवरी में 0 .54 प्रतिशत बढ़कर 125 करोड़ के पार पहुंच गयी. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 जनवरी को मोबाइल देश में 125 .09 करोड़ सब्सक्राइबर थे. इदिसंबर के अंत में यह संख्या 124 .42 करोड़ दर्ज की गयी थी. शहरी क्षेत्रों में सब्सक्राइबरों की संख्या 0 .71 प्रतिशत बढ़कर 71 .71 करोड़ हो गयी .ग्रामीण शहरों में मासिक 0 .31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह संख्या 53 .38 करोड़ दर्ज की गयी. मोबाइल सब्सक्राइबरों के मामलें में रिलायंस जिओ की बाजार हिस्सेदारी सबसे अधिक 39 .29 प्रतिशत रही.


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (एसएंडटी) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए कार्य करते हुये निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। इस टेन्डर के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैः- **निविदा सूचना सं. एवं जारी दिनांकः** बीपीएल/एन/वर्क्स/2025-26/टेली/11, दिनांक **18.03.2026**, **कार्य का नाम व स्थानः** प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी एट 21 न0 ऑफ नॉन इंटरलाकिंग एलसी गेट्स एंड मोनिटिरिंग एट 13 न0 ऑफ कनेक्टेड स्टेशन एंड इंजीनियरिंग कंट्रोल ओवर भोपाल डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागत (₹)**: ₹1,56,59,971.24, **टेंडर फॉर्म की कीमत (Rs.non-refundable)**: NIL, **बयाना राशि (₹)**: ₹2,28,300.00, **कार्य समाप्ति अवधिः** 06 माह, **निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख एवं समयः** खुलने की तारीख **10.04.2026**, जमा **15:00** बजे तक। खुलने का समय **15:30** बजे। **नोटः** निविदाकर्ता/ बिडर्स के पास क्लास III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं **IREPS** पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता हैं।

**मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल 462024**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**FORM NO.14**
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D. Dasti failing which by Publication

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**DEMAND NOTICE**
**NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.**

**RC/144/2023** **PUNJAB NATIONAL BANK** **25-02-2026**
Versus
To, **SATISH KUMAR SHRIVASTAVA SHRIVASTAVA**
**(CD 1) SATISH KUMAR SHRIVASTAVA SHRIVASTAVA**
**SANTOSH KUMAR SHRIVASTAVA**
GALI NO.-7, DWARKA NAGAR. COACH FACTORY ROAD, BHOPAL (M.P.)-462010, Bhopal,MADHYA PRADESH-462010
**(CD 2) DEVENDRA KUMAR DIWAN S/O SHRI LAXMAN SINGH DIWAN**
HN RB-II, 228/11, CRWS COLONY. NEAR COACH FACTORY, NISHATPURA, BHOPAL (M.P.), Bhopal MADHYA PRADESH-462001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/715/2022** an Amount of **Rs 2586218 (Rupees Twenty Five Lakhs Eighty Six Thousands Two Hundred Eighteen Only)** along with pendentellite and future interest @ 9% Simple Interest Yearly W.e.f. **21/05/2022** till realization and costs of **Rs 28000 (Rupees Twenty Eight Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **01/04/2026** at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **25/02/2026**

**Ms Priti Desai**
**Recovery Officer-I, Debts Recovery Tribunal**
**Govt. of India, Ministry of Finance**
**Jabalpur (M.P. & C.G. State)**




# केरलम चुनाव में तीन मोर्चों के बीच दिलचस्प मुकाबला

## क्या स्थानीय निकाय चुनाव तय करेंगे सत्ता का समीकरण?

**तिरुवनंतपुरम. केरलम में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं और इस बार भी राजनीतिक मुकाबला तीन मुख्य मोर्चों के बीच रहने की संभावना है. सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ), जिसे सीपीआई (एम) नेतृत्व दे रही है, विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ), जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही है, और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसकी अगुवाई भाजपा कर रही है.**

केरल में कुल 140 विधानसभा सीटें हैं. 2021 के चुनाव में एलडीएफ ने 99 सीटें जीतीं, कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ को 41 सीटें मिलीं और भाजपा कोई सीट नहीं जीत पाई. 2016 में पार्टी ने पहली बार एक सीट जीती थी. मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि राज्य में चुनाव का रुझान अक्सर स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों से प्रभावित होते हैं.

### एनडीए के लिए पहचान बढ़ाने का मौका

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए यह चुनाव राज्य में अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने का अवसर माना जा रहा है. अभी तक गठबंधन वोट शेयर को सीटों में बदलने में सफल नहीं रहा है. हालांकि 2024 लोकसभा चुनाव में सुरेश गोपी की त्रिशूर से जीत ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और त्रिकोणीय मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है.


**SBI Life**
अपने लिए. अपनों के लिए.

**सूचनाः पते में परिवर्तन**

सभी संबंधित लोगों को सूचित किया जाता है कि 30/05/2026 से हमारी मौजूदा भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय (कोड-0665) निम्न पते पर स्थानांतरित होगीः

**नया पताः**
**एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.,**
फॉर्च्यून बिजनेस आर्केड, दूसरी मंजिल, ई-8 एक्सटेंशन, बावड़िया कलां, 80 फीट मुख्य सड़क पर, भोपाल, मध्य प्रदेश, पिन कोड-462026

**पुराना पताः**
**एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.,**
दूसरी मंजिल, रणजीत टावर, प्लॉट नंबर 8, म.प्र. नगर जोन 2, भोपाल, भोपाल जिला, मध्य प्रदेश - 462011

ऊपर दिखाया गया ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का हैं और लाईसेंस के तहत एसबीआई लाइफ द्वारा प्रयुक्त किया गया है। रजिस्टर्ड और कॉर्पोरेट कार्यालयः एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नटराज, एम.वी. रोड़ और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई- 400069
**IRDAI Regn. No.111 I CIN: L99999MH2000PLC129113 I Website:** www.sbilife.co.in I Email: info@sbilife.co.in I टोल फ्री नं. 800 267 9090
(ग्राहक ग्राहक सेवा समय : 24X7)


# अनंत सिंह क्यों छोड़ रहे राजनीति

## नीतीश का सम्मान या सियासी रणनीति, क्या है प्लान 2030?

**पटना. बिहार की सियासत में उस वक्त हलचल तेज हो गई जब बाहुबली नेता अनंत सिंह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब वे खुद चुनाव नहीं लड़ेंगे, उनकी अगली पीढ़ी राजनीति में कदम रखेगी. राज्यसभा चुनाव में वोट डालने पहुंचे अनंत सिंह ने यह घोषणा की और फिर वापस जेल चले गए. उनके इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है.**




अनंत सिंह के करीबी बताते हैं कि वे नीतीश कुमार को अपना राजनीतिक गुरु मानते हैं और हमेशा उनके मार्ग पर चलते रहे हैं. समर्थकों का कहना है कि यह फैसला सोच-समझकर लिया गया है और वे जिस भी परिवार के सदस्य को मैदान में उतारेंगे, जनता उनका समर्थन करेगी. दरअसल, 64 वर्षीय अनंत सिंह पर कई आपराधिक मामले चल रहे हैं और सजा की आशंका भी बनी हुई है. ऐसे में राजनीतिक जानकार मानते हैं कि वे अपनी विरासत को सुरक्षित रखने के लिए अपने बेटों को आगे बढ़ाने की रणनीति अपना रहे हैं. मोकामा में उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए यह फैसला एक सियासी चाल के तौर पर भी देखा जा रहा है.

**हमेशा वफादार कहलाते रहेंगे अनंत सिंह!-** दरअसल, अनंत सिंह पहले भी कई बार कह चुके थे कि अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे तो वे सक्रिय राजनीति से दूरी बना लेंगे. उस समय इसे सामान्य राजनीतिक बयान माना गया था.


**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/128/2025)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से. ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।, पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in. " पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81265140 | हायर रिब डेप्थ HVN इंसुलेटिंग लाइनर | 243932नंबर | 06/04/2026 |
| 2 | 38264124 | हॉरिजॉन्टल वियर लाइनर फॉर Casnub 22 HS बोगीज | 4733नंबर | 07/04/2026 |
| 3 | 38251347A | डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व कम्पलीट विथाउट कॉमन पाइप | 739नंबर | 08/04/2026 |
| 4 | 38252552F | SHACKLE लॉक & लॉक पिन विथ स्प्लिट पिन | 84558सेट | 08/04/2026 |
| 5 | 38252116 | ब्रेक गियर पिन विथ वॉशर | 80345नंबर | 09/04/2026 |
| 6 | 40252502 | कार्बन ब्रश फॉर हिताची TM टाइप | 11820नंबर | 10/04/2026 |
| 7 | 8125WCR TP09 | मैन्युफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ HVN-66 इंसुलेटिंग कट लाइनर at फिश प्लेटेड जॉइंट | 480960नंबर | 10/04/2026 |
| 8 | 38265006 | Knuckle फॉर अपग्रेडेड हाई टेंसिल सेंटर बफर | 1200 नंबर | 13/04/2026 |
| 9 | 20261850 | हाई रीच पैंटोग्राफ फॉर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स | 19 नंबर | 15/04/2026 |
| 10 | 40262748 | माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर फॉर रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट फॉर एलएचबी एसी कोचेस | 306नंबर | 22/04/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। हस्ता.

**कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
**Indian Overseas Bank**
(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking)
आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with

कोलार रोड शाखा (3338)
दुकान नं. 1,2,3,6,7,8, विंडसर मध्य, कोलार रोड भोपाल (म.प्र.)
फोन : 0755-2492931 Email: iob3338@iob.in

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) [अनुच्छेद -IV नियम 8 (1)]**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत इंडियन ओवरसीज़ बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को दिनांक **10.11.2025** डिमांड नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ताओं/जमानतदारों/बंधककर्ताओं राशि जमा करने में असफल रहे हैं, अतः उधारकर्ताओं/जमानतदारों/बंधककर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** दिनांक **17.03.2026** को ले लिया है।
उधारकर्ताओं/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियोंके साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **इंडियन ओवरसीज़ बैंक, कोलार रोड शाखा** के अधीन होगा। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| खाता/ ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदारः **श्रीमती पूजा राजपूत पत्नी विक्रम सिंह राजपूत** पता - मकान नंबर 323 से 414 तक, 368/2 निमसादिया, निमसादिया, होशंगाबाद, म.प्र. 461001 अन्य पता - मकान नं.108, शीतल टाउन फेस-1, ग्राम-मंडीदीप, वार्ड नं.24 (पुराना वार्ड नं.17), तहसील-गोहरगंज, जिला-रायसेन, म.प्र.-462046 | 1. यह आवासीय उपयोग की भूमि है तथा इस पर बना हुआ स्थाई आरसीसी छत वाला मकान है, जो आवासीय भूखंड क्रमांक 108, शीतल टाउन फेस-1, ग्राम-मंडीदीप, वार्ड क्रमांक-24 (पुराना वार्ड क्रमांक-17), तहसील-गोहरगंज, जिला-रायसेन में स्थित है। यह भूमि खसरा क्रमांक 437/1/1/1/3, 437/4, 437/1/1/1/2, 438/1, 438/2, 438/3, 438/4 कुल मिलाकर कुछ भाग से संबंधित है। बिक्री क्षेत्र लगभग 16 फीट x 30 फीट = 480 वर्गफीट अर्थात 44.60 वर्ग मीटर, जिसके भूतल पर 30.10 वर्ग मीटर का एक स्थायी आरसीसी छत वाला घर बनाया गया है। चर्तुसीमाएँः पूर्व - प्लॉट नंबर 65, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - प्लॉट नंबर 107, दक्षिण - प्लॉट नंबर 109, उपरोक्त संपत्ति श्रीमती पूजा राजपूत पत्नी श्री विक्रम सिंह राजपूत के नाम पर जैसा कि ई-पंजीकरण संख्या MP29263202 2A11081339 ) में निर्धारित है, जो अन्य अनुलग्नकों के साथ SRO औबेदुल्लागंज (म.प्र.) के समक्ष 31/10/2022 को पंजीकृत किया गया। | दि. 10.11.2025 को ₹ 16,24,408.72/- + ब्याज एवं अन्य खर्च; कब्जा दिनांक को बकाया राशि ₹ 16,71,647.99/- + ब्याज एवं अन्य खर्च |

स्थान : भोपाल, दिनांकः 17.03.2026 — प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक